कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 13वीं बैठक दिनांक 28.06.2024 की

कार्यवाही प्रतिवेदन

कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया की 13वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन डॉ आर०के० सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया के सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कृषि संबद्ध विभागों के पदाधिकारी, केन्द्र के सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारी, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

तकनीकी सत्र के दौरान डॉ० बिपुल कुमार मंडल वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान (कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया) ने सभी आगंतुकों का केन्द्र पर स्वागत किया तथा जुलाई 2023 से जून 2024 तक का प्रगति प्रतिवेदन एवं जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक का कार्य योजना प्रारूप प्रस्तुत किया। इस बैठक में 13वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के अनुपालन में अनुशंसा के प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई।

उपरोक्त बैठक में आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना निम्न प्रकार से है :–

1. जलवायु अनुकूल कार्यक्रम के तहत् चयनित पाँच गाँव का Impact anylysis तैयार कर कृषि विभाग को अवगत कराया जाय।
2. केन्द्र पर चलाये जाने वाले तमाम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृषि एवं अन्य विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उनसे जुड़े पदाधिकारी को विधिवत सूचित किया जाय।
3. एप्पल बेर की खेती को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से प्रशिक्षण और प्रत्यक्षण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।
4. किसानों के बीच विश्वविद्यालय द्वारा विकसित एप्प का प्रचार प्रसार किया जाय।
5. मछली पालन को बढ़ावा देने हेतु उनके विभागीय पदाधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर प्रशिक्षण कराये जायें।
6. धान की सीधी बुआई को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से उनसे जुड़े प्रशिक्षण एवं जागरूकता का कार्यक्रम किसानों के बीच करायी जाय।
7. मोटे अनाज को बढ़ावा देने हेतु केन्द्र पर तैयार किये जाने वाले क्रॉप केफेटेरिया में मोटे अनाज को भी संलग्न किया जाय तथा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों के बीच जागरूकता फैलाया जाय।
8. सब्जी एवं फल के 15000 पौधों को केन्द्र पर के नर्सरी में तैयार करना सुनिश्चित किया जाय।
9. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत चयनित अमनी ग्राम को मशरूम ग्राम के रूप में विकसित किया जाय।
10. केन्द्र पर चलाये जा रहे अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण में नेपियर ग्रास को सम्मिलित किया जाय तथा किसानों के बीच प्रत्यक्षण कराया जाय।

पत्रांक : 68 /कृ०वि०के०, खगड़िया   दिनांक : 05-07-2024

प्रतिलिपि : (1) निदेशक अटारी, जोन–IV अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

5/7/24

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया